


# Message from RAN OREN

हमने कोविड के पहले प्रभावों को अपने चीनी संयुक्त उद्यम कंपनी, हर्टेल यैंडा में देखा। हमने देखा कि हमारे सहयोगियों ने एक अभूतपूर्व स्थिति का सामना किया, क्योंकि उन्होंने दो महीने के लिए अपना व्यवसाय बंद कर दिया था। यह सब कुछ हुआ, उस मुसीबत से डर के चलते जिसका आना निश्चित रूप से तय था।

अनिवार्य रूप से, यह आ ही गया। जैसा कि अल्ट्राड इटालिया ने हमें इटली से रिपोर्ट भेजना शुरू किया, फिर स्पेन के रोडिसोला, जहां हमारे कई सहयोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे काफी पहले, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, पोलैंड, बेल्जियम और पूरे यूरोप से ऐसी ही रिपोर्ट आई थी। कहीं भी इस वायरस ने नहीं बख्शा। यूरोप से, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया प्रशांत तक।

यह, मुझे उम्मीद है, जीवन भर में एक बार आने वाला संकट है, लेकिन फिर भी कोई इस बारे में यकीन से कोई दावा नाहीं कर सकता। जहाँ तक मुझे पता है, पिछले साल एक भावनात्मक और तनावपूर्ण चुनौती थी। मैं उन सभी अनिश्चितताओं के बारे में सोचता हूं - जिनका सामना आपने किया - अपने स्वास्थ्य के लिए, अपने परिवारों के लिए, अपनी नौकरियों के लिए ... और मैं उनको जो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, नहीं भूल सकता: दुख की बात है कि हमने कोविड के चलते अपने कुछ सहयोगियों को खो दिया, और दूसरों को गंभीर हालत में देखा है और अभी भी उनका इलाज चल रहा है। मैं प्रभावित परिवारों के लिए अपनी संवेदना देता हूं और आपको बताना चाहता हूं कि अल्ट्राड अपने लोगों के साथ खड़ा रहेगा और आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

जैसा कि जान ने समझाया, हमारा व्यवसाय वैश्विक महामारी के लिए प्रतिरक्षित नहीं था। इसके लिए कोई मार्गदर्शिका नहीं है और हम जो सर्वश्रेष्ठ कर सकते हैं, करते रहें। हम हर दिन लड़ते हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कि अल्ट्राड योगदान दे सके, अपने तरीके से।

तो, हमारा योगदान क्या है? हमारा उद्देश्य क्या है? हमने पहले के वर्षों में यह कहा था और यह आज के लिए पहले से कहीं अधिक सत्य है: हमारा मिशन एक स्थायी दुनिया का निर्माण करना है। हमें एक स्थायी समाज के निर्माण और अपने पर्यावरण की रक्षा में योगदान देना चाहिए।

और ऐसा करने के लिए, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारा बिजनस टिकाऊ हो। एक मजबूत और स्थिर बिजनस हमारे सभी हितधारकों की रक्षा करेगा। हमारे कर्मचारीयों की। हमारे समुदाय की। पर्यावरण की। और हमारे भागीदारों: आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, शेयरधारकों और हमारे वित्तीय भागीदारों की ...

17.12.2020




क्या हमें मजबूत और स्थिर बनाता है? मेरा मानना है कि यह एक स्पष्ट रणनीति और हमारे मूल्यों के अनुसार चलना है।

हमारा उद्देश्य निर्माण उपकरण और औद्योगिक सेवाओं की व्यवस्था में विश्व लीडर बनना है। हमारी रणनीति विविधतापूर्ण ग्राहक आधार और उत्पादों और सेवाओं के विस्तार और गहराई के साथ, विविधतापूर्ण बने रहना है। एक वैश्विक भौगोलिक पदचिह्न के साथ। यह हमें किसी एक उद्योग या किसी एक क्षेत्र से जुड़ी अस्थिरता से बचने में मदद करता है। जिसका हम कभी भी अनुमान नहीं लगा सकते थे वह है कोविड, जो सभी उद्योगों और सभी क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। इसके बावजूद, हम अपनी रणनीति पर कायम हैं और एक मजबूत और स्थायी व्यवसाय का निर्माण करना जारी रखेंगे।

यह विविधीकरण भीतर से आता है, और विकास से भी। जैसा कि आप जानते हैं, अधिग्रहण हमारे डीएनए का हिस्सा हैं - हमने 100 से अधिक कंपनियों को खरीदा है, और हम रुकना नहीं चाहते हैं। एक व्यवसाय जो बढ़ता नहीं है वह विफल हो जाता है। इसलिए हम बढ़ते रहेंगे। 2015 से 2017 तक घातीय वृद्धि के बाद, हर्टेल, प्रीज़ियो और केप के साथ, अब इसे जारी रखने का समय है। हमने इस वर्ष अप्रैल में अबू धाबी के एडयार्ड का हमारे समूह में स्वागत किया और इसके आलावा हमारे पास विकास के कई और अवसर हैं। मैं वास्तव में आने वाले महीनों में इस पर कुछ और घोषणा करने में सक्षम होने की उम्मीद करता हूं।

मैं हमारे उन मूल्यों का उल्लेख करना चाहूंगा, जो हमारी सफलता का मार्गदर्शन करते हैं।

पहला, सम्मान। हम एक-दूसरे के साथ सम्मान से पेश आते हैं। हम अपनी सांस्कृतिक और जातीय विविधता से फुले-फले हैं। और हम कार्यस्थल पर और बाहर अपने सहयोगियों की सुरक्षा का सम्मान करते हैं। मुझे यह भी आग्रह करना चाहिए कि हम अपने बिजनस को मजबूत नैतिक मूल्यों के साथ करें और सभी कानूनों का सम्मान करें। ऐसा करने में विफलता से हमारे पूरे समूह को खतरा होगा। हम अपने समुदायों और पर्यावरण के साथ सम्मान से पेश आते हैं। और यही बात हमारे ग्राहकों और हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए भी है। और हमें अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं का भी सम्मान करना चाहिए। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, यदि समूह आर्थिक रूप से स्थिर नहीं होगा, तो हम सामान्य रूप से एक स्थायी दुनिया बनाने में योगदान नहीं दे सकते हैं।




हमारा एक और मूल्य है एकजुटता। हम आप में से प्रत्येक पर विचार, ज्ञान और संसाधन साझा करने के लिए निर्भर हैं। जब हम एक होकर एक साथ खड़े होते हैं, एक साथ उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए, हम मजबूत होते हैं।

तीसरी बात, नम्रता। मेरी अपनी सीमाएं हैं, और वैसे ही आप की भी। हम स्वीकार करते हैं कि हम एक सीखने की यात्रा पर हैं जिसके दौरान हमें सुनने की जरूरत होती है, खुद से सवाल पूछने की जरूत होती है, व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से जीतने की जरूरत होती है।

और हमारे पास अपनी कमजोरियों को दूर करने, अपनी चुनौतियों से निपटने के लिए और अक्सर, कठिन फैसले लेने के लिए साहस होना चाहिए। बहुत सारे बिजनस की तरह, हमने नभी इस महामारी के प्रभावों के अनुसार अपने कार्यबल के आकार को अनुकूलित करने के लिए त्वरित और कठिन निर्णय लिए। मैं प्रभावित सभी लोगों के साथ सहानुभूति रखता हूं, लेकिन मुझे विश्वास है कि आप समझते हैं कि यह आवश्यक है।

और आखिर में, दोस्ताना तरीके से! मैं आप सभी को काम पर आने और अपने सहयोगियों के साथ काम करने का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। हर दिन, कार्य का एक ऐसा वातावरण बनाएं जो प्रतिबद्धता और खुले विचारों पर आधारित हमारी टीमों की भावना को दर्शाता हो। मैं बहुत गहराई से यह मानता हूँ कि कार्यस्थल काम करने के लिए एक मजेदार स्थान होना चाहिए।

वह सभी जो जान और मैंने कहा है वह हमारे उद्देश्य को पूरा करने में हमारी मदद करेंगे। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक बनें। और इसका अनुसरण करते हुए, हमने अब संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्यों में से दो के साथ खुद को श्रेणीबद्ध करने का निर्णय लिया है: जोकि है शिक्षा और जलवायु से जुडी कार्रवाई। अल्ट्राड में सभी के प्रयासों को इन लक्ष्यों के साथ जोड़कर हम एक असर पैदा कर सकते हैं। मैं वर्ष के दौरान समूह के प्रयासों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करूंगा। इस बीच, कृपया स्वयंसेवक बनें, कृपया योगदान दें, जो भी आप कर सकते हैं।

तो नए साल में सर उठा कर प्रवेश करें, उस पर गर्व की भावना के साथ जो लक्ष्य हम हासिल कर रहे हैं । हजारों लोगों का समर्पण असंभव को संभव बना रहा है।

मैं आपकी कड़ी मेहनत के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। सुरक्षित रहें और त्यौहारों के ब्रेक का आनंद लें।

17.12.2020